भारतीय रिज़र्व बैंक में आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर पुनश्चर्या के लिए 'प्रस्ताव का अनुरोध' (आरएफपी) - आपूर्ति, स्थापना, एकीकरण, रखरखाव और सुविधा प्रबंधन

भारतीय रिज़र्व बैंक निम्नलिखित 7 क्रय सम्मिलित आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर की पुनश्चर्या करना चाहता है, जिनसे भारतीय रिजर्व बैंक के "समग्र समाधान" का गठन होता है।

i. सुसंगत लैन कोर, एक्सेस स्विच और पैसिव घटक।
ii. केंद्रीयकृत स्थल (डीसी-डीआर) से उपर्युक्त नेटवर्क स्विच प्रबंधित करने के लिए केंद्रीकृत प्रबंधन समाधान - आरबीआई द्वारा इंगित सॉफ्टवेयर परिभाषित (एसडी) लैन।
iii. डीसी-डीआर के साथ नेटवर्क एक्सेस कंट्रोल (एनएसी) समाधान।
iv. एंटी मालवेयर प्रोटेक्शन (एएमपी) के साथ सुरक्षित वेब गेटवे (एसडब्ल्यूजी)।
v. इंटरनेट पर आरबीआई नेटवर्क तक पहुंचने वाले उपयोगकर्ताओं के लिए क्लाइंटलेस एसएसएल वीपीएन (डीसी-डीआर)।
vi. अतिरिक्त डोमेन नियंत्रक की स्थापना/माइग्रेशन और विन्यास , एंड प्वाइंट पैच प्रबंधन समाधान, एंटी-वायरस जीयूपी, एक्सेस कंट्रोल मैनेजमेंट सिस्टम, सिक्योर वेब गेटवे समाधान इत्यादि के लिए रेड हैट वीएम लाइसेंस के साथ कमोडिटी सर्वर।
vii. ओईएम द्वारा एकीकृत प्रशासन समाधान का अनुवर्ती कार्यान्वयन और स्वीकृति, रखरखाव, सुविधा प्रबंधन और रिपोर्टिंग सेवा।

उपर्युक्त 'समग्र समाधान' परियोजना के लिए, बैंक ई-टेंडरिंग के माध्यम से विक्रेताओं की नियुक्ति के लिए बोलियां आमंत्रित करता है। इस आरएफ़बी में प्रतिवर्ती नीलामी का पालन नहीं किया जा रहा है। 'प्रस्ताव का अनुरोध' (आरएफपी) को एमएसटीसी लिमिटेड की वेबसाइट पर होस्ट किया गया है। बोली लगाने वाले निम्नलिखित कदम उठाएं:

a. बोली लगाने वालों को एमएसटीसी की वेबसाइट (http://mstcecommerce.com/eprochome/rbi/) पर स्वयं को पंजीकृत करना है। वेंडर पंजीकरण मैनुअल एमएसटीसी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। बोली लगाने वालों के पास हस्ताक्षर और एनक्रिप्शन अधिकारों से युक्त डिजिटल प्रमाण-पत्र होना आवश्यक है। बोली लगाने वालों से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया जाता है कि उनके पास पहले से ही हस्ताक्षर और एनक्रिप्शन अधिकारों से युक्त डिजिटल प्रमाण-पत्र है, और यदि उन्हें इस संदर्भ में किसी सहायता की आवश्यकता है तो वो एमएसटीसी ई-प्रोक्योरमेंट टीम से सीधे संपर्क कर सकते हैं (सुश्री अर्चना, सहायक प्रबंधक, एमएसटीसी, + 91-9990673698/022-22872011)।
b. सफल पंजीकरण के पश्चात, बोली लगाने वाले आरएफपी दस्तावेज़ और संबंधित संलग्नक देख पाएंगे।
c. बोली लगाने वाले अपनी तकनीकी और वाणिज्यिक बोली उपरोक्त एमएसटीसी पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं। कृपया नोट करें कि बोली लगाने वाले सिर्फ अपनी बोलियों को ही देख और मूल्यांकित कर पाएंगे।
d. एमएसटीसी वेबसाइट पर बोली जमा करने की अंतिम तिथि 29 जून 2018, 15:00 बजे तक है।

प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक
सूचना प्रौद्योगिकी विभाग